# कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज, एसआरजी एवं जनाना चिकित्सालय का निरीक्षण किया



जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने मेडिकल कॉलेज झालावाड़, एसआरजी चिकित्सालय एवं जनाना अस्पताल का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

- जिला कलेक्टर ने कोरोना से संबंधित सभी बिन्दूओं पर जानकारी ली

**झालावाड़** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने बुधवार को मेडिकल कॉलेज झालावाड, एसआरजी चिकित्सालय एवं जनाना अस्पताल का गहन निरीक्षण किया।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज के थियेटर हॉल, माइक्रो बॉयोलोजी लैब, एसआरजी अस्पताल स्थित कोविड अस्पताल, मेडिकल आईसीयू, माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर मेल, जनाना अस्पताल स्थित प्रसूति एवं शिशु रोग इकाई, गायनिक आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम, शिशु वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पेडियाट्रिक इन्टेन्सिव केयर यूनिट का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में कोविड सहित सभी रोगों की चिकित्सा के लिए समुचित संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यहां का मेडिकल स्टॉफ अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान हैं। साथ ही उन्होंने अस्पताल के कोविड मैनेजमेन्ट की तारीफ करते हुए कहा कि भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर कोविड से निपटने के लिए जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग द्वारा अच्छा कार्य किया जाएगा।

इस दौरान मेडिकल कॉलेज झालावाड़ के डीन कार्यालय स्थित सभागार में मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर उनके विभागों की समस्याओं एवं कमियों पर चर्चा की। बैठक में जिला कलेक्टर ने कोरोना से संबंधित सभी बिन्दूओं पर जानकारी ली एवं कोरोना मरीजों के लिए इलाज, दवाइयों एवं अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान जिला कलक्टर को मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. शिव भगवान शर्मा ने मेडिकल कॉलेज में स्थान, चिकित्सा शिक्षकों एवं अन्य टैक्निकल व पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी के बारे में जानकारी दी। वहीं एसआरजी चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. संजय पोरवाल ने स्टॉफ, चिकित्सकों एवं बेड्स की कमी, पार्किंग सहित आदि समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अस्पताल के विस्तार के लिए अस्पताल के समीप पशु चिकित्सालय की भूमि मेडिकल कॉलेज को आवंटित करवाने का आग्रह भी किया। निरीक्षण के दौरान डॉ अकील हुसैन, डॉ दीपक गुप्ता भी साथ रहे।

# रोटरी क्लब ने विद्यालय में बच्चों को स्वेटर वितरित किए




बूंदी में बच्चों ने स्वेटर पाकर खुशी जाहिर की।

**बून्दी** (निसं)। ग्राम पंचायत नयागांव के झरबालापुरा गांव में स्थित प्राथमिक स्कूल में रोटरी क्लब द्वारा स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुर्जर विकास संगठन के जिलाध्यक्ष देवलाल चांदना थे। अध्यक्षता रोटरी अध्यक्ष परमेश्वर झवर ने की। भामाशाह रोटेरियन मोहित छाजेड ने बताया कि स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय परिवार की ओर से रोटरी क्लब के सदस्यों का स्वागत किया गया। इस दौरान सोनू गुमन, जोतन दीप सिंह, तेजेंद्र सिंह, सचिन शर्मा मौजूद रहे।

# शुद्ध के लिए अभियान के तहत उपखंड क्षेत्र इटावा में जांच दल ने निरीक्षण किया

- प्रतिष्ठानों से 16 किलो केक, 20 किलो अवधिवार चिली सॉस, 100 लीटर कोल्ड ड्रिंक नष्ट करवाई

**कोटा,** (निसं)। शुद्ध के लिए अभियान के तहत उपखण्ड क्षेत्र इटावा में जांच दल ने निरीक्षण कर प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थों के अवधिपार पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की और प्रतिष्ठान में साफ-सफाई रखने तथा कोविड गाइडलाईन का पालन करने के निर्देश दिए।

उपखण्ड अधिकारी इटावा संतोष कुमार मीणा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत बुधवार को इटावा क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों पर गठित जांच दल द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान एमएस चक्रधारी मिष्ठान भण्डार बस स्टैण्ड एवं अग्रवाल मिष्ठान भंडार से नुक्ती के लड्डू, बर्फी, खोया एवं रसगुल्ले के नमूने लिए जिन्हें जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठानों से मौके पर 16 किलो मिल्क कैक, 20 किलो अवधिवार चिली सॉस, 100 लीटर अवधिवार कोल्डड्रींक नष्ट करवाई गई। रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रतिष्ठान वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ-सफाई रखने तथा कोविड गाइडलाईन का पालन करने के निर्देश दिए। विधिक माप विज्ञान अधिकारी द्वारा असत्यापित कांटे पाये जाने पर एलएम एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं पैकेज्ड खाद्य पादर्थों पर पीसीआर 2011 के तहत आवश्यक उद्घोषणाओं का उल्लेख नहीं होने के कारण नियमों के तहत कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि दल में डेयरी प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह, आज्ञापाल सिंह व लेब टेक्निशियन गजेन्द्र सिंह नागर एवं रूपचंद उपस्थित रहे।

# आवेदनकर्ताओं को पट्टे बांटे



नगर निगम कोटा उत्तर महापौर मंजू मेहरा द्वारा पट्टे वितरित किए गए।

**कोटा,** (निसं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत बुधवार को कोटा उत्तर नगर निगम के क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाकों के आवेदककर्ताओं को कुल 28 पट्टे महापौर कक्ष से वितरण किये गये।

महापौर मंजू मेहरा ने बताया कि बुधवार को कुल 28 पट्टे वितरण किये जिसमें अर्जुनपुरा एवं नगर निगम कोटा उत्तर के अन्य क्षेत्रों के आवेदनकर्ताओं को महापौर कक्ष से पट्टा वितरण कर लाभान्वित किया गया।

इस दौरान वार्ड 19 के पार्षद देवेन्द्र शर्मा, नन्दकिशोर शर्मा व उषा ठाकुर उपस्थित रहे। साथ ही आवेदककर्ताओं ने महापौर कक्ष से पट्टा वितरण की प्रक्रिया को बड़ी ही सराहानीय कदम व पहल बताया है जिससे की आवेदककर्ताओं को एक निश्चित जगह पर व समय पर पट्टा प्रदान किये जा रहा है।

## महिलाओं को जागरुक किया

**इटावा** (निसं)। पालिका अध्यक्ष रजनी सोनी ने नगर पालिका इटावा द्वारा सेनेटरी पैड मशीन का शुभारंभ इटावा बस स्टैंड व बस स्टैंड पर आश्रय स्थल पर सेनेटरीपैड मशीन का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रजनी सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर केदारनाथ धाम महिला एरिया लेवल संस्था अध्यक्ष रेखा शर्मा की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया ओर इस दौरान जरा सी असावधानी से महिलाओ को होने वाली बीमारियों के बारे में समझाया। वही पालिका अध्यक्ष सोनी ने करोना की तीसरी लहर को देखते हुए करोना गाइडलाइंस की पालना के बारे में अपील की। इस दौरान रितु कालरा ने महिलाओं एवं उपस्थित सभी लोगों को समझाया केदारनाथ धाम महिला एरिया लेवल संस्था द्वारा मासिक धर्म और करोना से बचाव की प्रश्नोत्तरी में महिला द्वारा सही जवाब देने पर प्रशस्ति पत्र दिये। पार्षद चेतना सिंह रामपति बैरवा महेश बैरवा केलाश आर्य राजेन्द्र बैरवा महावीर सुमन सफाई निरिक्षक सत्यनारायण शर्मा विकाश मीणा जुगराज मीणा सहित पालिका कर्मचारी मौजूद थे।

# महापौर राजीव अग्रवाल ने वार्डों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया



नगर निगम कोटा दक्षिण महापौर राजीव अग्रवाल ने वार्डों में हो रहे निर्माण कार्यों का दौरा किया।

- सीवरेज कार्य के संवेदक को लगाई लताड़
- सीवरेज कार्य की गुणवत्ता व धीमी गति पर नाराजगी जताई

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण के महापौर राजीव अग्रवाल ने बुधवार को सर्वप्रथम वार्ड 63 में चल रहे सी.सी. रोड निर्माण एवं न्यास द्वारा किये गये सीवरेज कार्य का निरीक्षण किया। महापौर ने सीवरेज लाईन डाल रहे संवेदक के द्वारा किये जा रहे कार्य की गुणवत्ता पर लताड़ लगायी और संवेदक से कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की।

महापौर ने मौके से ही सीवरेज कार्य देख रहे न्यास के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्य की गुणवत्ता व समय का विशेष ध्यान रखें। इसके बाद महापौर ने वार्ड 61 में दादाबाड़ी चिकित्सालय के पीछे बन रही नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, उन्होंने मौके पर मौजूद अधीक्षण अभियंता व कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिये कि वार्ड में बन रही नालियों में ढलान उचित प्रकार का रखें जिससे नाली में पानी का प्रवाह अविरल रहे।

साथ ही मौके पर मौजूद संवेदक को निर्देश दिये कि जहां-जहां पर भी नालियों का निर्माण कार्य हो वहां पर प्लास्टर पूर्ण आवश्यक रूप से किया जावें, ताकि मकानों में सीपेज की समस्या नहीं हो। महापौर ने वार्ड 76 में स्थित पार्क का भी निरीक्षण किया और मोके पर कनिष्ठ अभियंता राजेश यादव को पार्क में आवश्यक कार्य करवाये जाने के निर्देश दिये। महापौर के निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता राकेश शर्मा, अधिशाषी अभियंता आर.के. जैन, सहायक अभियंता शिल्पा चित्तौडा, पार्षद पी.डी.गुप्ता, पार्षद कुलदीप प्रजापति, पार्षद कुलदीप गौतम सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जैन आदिनाथ साथ रहे।

## छबड़ा कस्बे में 18 कोरोना पॉजिटिव मिले

**छबड़ा,** (निसं)। छबड़ा क्षेत्र में कोरोना अपने पैर पसारता नजर आ रहा है, जिसके चलते एक साथ 18 नए पॉजिटिव मामले सामने आए है, जिनको होम क्वारंटाइन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छबड़ा क्षेत्र में कोरोना संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है, एक साथ 18 पॉजिटिव सामने आने से चिकित्सा प्रशासन सतर्क हो गया है।

खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश भूटानी ने बताया कि पॉजिटिव पाए गए 18 लोगों को होम क्वारंटाइन किया गया। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी लोग कोरोना के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का पालन करें।

# कोटा मंडल में डिजिटल भुगतान को मिल रहा बढ़ावा

**कोटा,** (निसं)। आरक्षण टिकटों के किराए आदि का भुगतान यूपीआई या भीम एप्लीकेशन के जरिए करने वाले रेल यात्रियों को मूल किराए में 5 प्रतिशत छूट दी जा रही थी। इस छूट की समयावधि को रेल प्रशासन ने अब आगामी 12 जून तक विस्तारित कर दिया है। अब यात्रीगण किसी भी कंप्यूटराइज यात्री आरक्षण प्रणाली से टिकट यूपीआई या भीम एप के जरिए खरीदते हैं, तो उन्हें मूल यात्री किराए में 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार पाल ने बताया कि कोटा मंडल के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल माध्यम से भुगतान करने की व्यवस्था लागू की गई थी, जिसे अब आगामी 12 जून तक बढ़ा दिया है। अभी यह सुविधा मंडल के सभी बड़े स्टेशनों पर उपलब्ध है। कोटा मंडल के आरक्षण कार्यालयों में और बुकिंग कार्यालयों में टिकट खरीदते समय यात्रीगण पीओएस मशीनों का उपयोग कर सकते हैं।

आरक्षण कार्यालयों के अलावा बुकिंग काउंटरों पर भी पीओएस मशीनों के जरिए भुगतान का विकल्प मौजूद है। कैशलेस भुगतान को बढ़ावा देने के लिए यात्रियों को यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कोटा मंडल के शामगढ़, भवानीमंडी, रामगंजमंडी, कोटा, सवाईमाधोपुर, हिंडौन सिटी, गंगापुर सिटी, भरतपुर, बारां, बूंदी सभी स्टेशनों पर पीओएस मशीनें लगाई गई हैं। यात्री प्लेटफॉर्म टिकट और आरक्षण टिकट खरीदने के लिए पीओएस मशीनों के जरिए डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भी किराया भुगतान कर सकते हैं।

## महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर शुरू

**छबड़ा,** (निसं)। छबड़ा में अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर शुरू हो गया है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिरधीलाल बैरवा ने बताया कि बुधवार को षिविर का षुभारंभ प्राचार्य डॉ. आरसी मीना व महाविद्यालय विकास समिति संरक्षक संदीप बरड़िया के मुख्य आतिथ्य मे किया गया व इस दौरान उन्होने सात दिनों तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। मंचासीन अतिथियों ने योजना के बारे में विस्तृत जानकारियां देकर इससे जुड़ने के लिए प्रेरित कर समाज सेवा का महत्व बताया। इस मौके पर व्याख्यता जितेंद्रसिंह सहित अन्य व्याख्यताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

# पालिका अध्यक्ष ने बच्चों को जर्सियां वितरित की




इटावा नगर के अलग-अलग विद्यालयों में पालिका अध्यक्ष रजनी सोनी ने गर्म कपड़े वितरित किये।

- गर्म कपड़े पाकर बच्चों के चेहरे खिले

**इटावा** (निसं)। इटावा नगर के अलग-अलग विद्यालय राजकीय विद्यालय गुमानपुरा व महात्मा गांधी इंग्लिश विद्यालय के बच्चों को कोटा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से पालिका अध्यक्ष रजनी सोनी ने इन विद्यालयों के 473 बच्चों के लिये जर्सी गर्म कपड़े वितरित किये।

इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे पुनीत कार्यों से लोगों को प्रेरणा मिलती है और भामाशाह आगे आते हैं। इस दौरान जर्सी पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। इस अवसर पर मानव सेवा समिति अध्यक्ष रिंकु सोनी, प्रधानाध्यपक असलम अंसारी, पार्षद गंगाधर नागर, राकेश बैरवा, महेश बैरवा, राधेश्याम तंवर, महावीर सुमन, राजेन्द्र बैरवा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जिले में 21 व 22 जनवरी को मेगा वैक्सीनेशन शिविर

**कोटा,** (निसं)। कोरोना की तृतीय लहर की रोकथाम के उद्देश्य जिलेभर में 15 से 17 वर्ष के बच्चों को वैक्सीनेशन के लिए 21 व 22 जनवरी को दो दिवसीय मेगा वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किया जायेगा। जिला कलक्टर हरिमोहन मीणा ने बताया कि कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए विशेषज्ञों के अनुसार वैक्सीनेशन प्रभावी हैं। ऐसे में जिले में 15 से 17 आयु वर्ग का बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहे इसके लिए दो दिवसीय विशेष कैम्प आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें जिले के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में नामांकित शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को टीकाकरण किया जायेगा। 21 व 22 जनवरी को जिलेभर के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय खुले रहेंगे। संस्था प्रधान एवं शिक्षकों की जिम्मेदारी सभी विद्यार्थियों को बुलाने की होगी तथा उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे।

कलेक्टर ने की अपील:- जिला कलेक्टर ने जिले के सभी अभिभावकों को अपील कि है कि कोविड की गम्भीरता को देखते हुए 21 व 22 जनवरी को आयोजित हो रहे मेगा वैक्सीनेशन कैम्प में 15 से 17 आयु वर्ग के बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए विद्यालय अवश्यक लाये।

# कार्यशाला के माध्यम से एएनएम व आशाओं को जागरुक किया




मिशन निदेशक ( एनएनएम ) एवं विशिष्ट शासन सचिव के निर्देशानुसार बेटी बचाओ अभियान के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला का आयोजन हुआ।

**झालावाड़** (निसं)। मिशन निदेशक (एनएनएम) एवं विशिष्ट शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार बेटी बचाओ अभियान के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक डग में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार बागेला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यशाला में जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी प्रभु ऐरवाल द्वारा प्रस्तुति के माध्यम से पीसीपीएनडीटी अधिनियम, मुखबीर डिकॉय योजना, टॉल फ्री नं. 104, 108 व वाट्सएप नम्बर 9799997795 एवं जिले में बेटियों के लिये चलाई जा रही आपणी बेटी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही गिरते हुये शिशु लिंगानुपात को बढ़ाने तथा कन्या भ्रुण हत्या को रोकने हेतु सामुहिक प्रयास पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में एफसीएलओ हरिश अग्रवाल, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक धीरज जैन, ब्लॉक आशा सुपरदिनेश वर्मा, बीएनओ सैय्यद अशमा द्वारा बेटी बचाओं कार्यक्रम के बारे में एवं अपने कार्य क्षैत्र में बेटियों और महिलाओं को सरकार की योजनाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने में सहयोग प्रदान करे। बेटों के साथ बेटीयों को भी उच्च शिक्षा दिलवाने के लिये प्रेरित करे। साथ ही एनसीडी कार्यक्रम के बारे में, कोविड टीकाकरण, कोविड सैम्पलिंग व कोविड प्रोटोकॉल के बारे में विस्तापूर्वक चर्चा की।

कार्यशाला डग ब्लॉक के चिकित्सक, एलएचवी, एएनएम, आशा सुपरवाईजर ने भाग लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा जागरुकता कार्यशाला आयोजित की जाती है जिसके माध्यम से अधिक से अधिक जिले वासियों को बेटियों की महत्ता समझाते हुये गिरते हुये लिंगानुपात सुधार किया जा सके तथा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटियों के लिये हितकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा सके।